प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

षोड्श बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल छः बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2016-17 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी के व्यवस्थापन के अलावा राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली के विस्तार एवं विकास के साथ विधायी निकायों का दायित्व काफी बढ गया है, जिसमें जनता की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु हमसबों को अधिक संवेदनशील बनकर सदन में विचारों का आदान-प्रदान करना होगा । सदन के संचालन की सफलता सत्तापक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनों की सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका पर निर्भर करती है ।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि सदन के सफल कार्य-संचालन में आपसबों का सहयोग प्राप्त होगा ।

❄❄❄❄❄